Priority for drinkng water facilities in S S projects

4264. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:
SHRI G. G. SWKLL;

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the drinking water facilities to be made available to 8214 villages and 135 urban centres would get priority in SSP project over other demands of irrigation and electricity consumption; and

(b) whether Government would direct SSP authorities to see that water is made available to Kutch and Saurashtra as projected by Narmada Tribunal?

THE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) and (b) Yes, Sir.

सिंचाई संभाव्यता और उपयोग के बीच अन्तर

4265. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिंचाई सृजित संभाव्यता तथा इसके उपयोग के बीच अंतर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने उपरोक्त अन्तर को कम करने हेतु क्या प्रयास किये हैं; और

(घ) 31 मार्च, 1995 तक इन प्रयासों में कहां तक सफलता मिली है ?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.वी. रंगैया नायडू) : (क) जी, हां।

(ख) 1994–95 के अन्त तक, सृजित सिंचाई क्षमता और इसके उपयोग के मध्य संभावित अन्तर 9.4 मिलियन हैक्टेयर है।

(ग) और (घ) इस अन्तर को कम करने के लिये केन्द्र प्रायोजित एक कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम 1974–75 से कार्यान्वित किया जा रहा है। 8वीं योजना (1992–97) के दौरान इस कार्यक्रम के लिये 2510.13 करोड़ रुपये का परिव्यय है । अन्य उपचारात्मक उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल हैं: अधिक क्षेत्र को सूचना देने के बजाय जल और फसल के हिसाब पर बल देना, पुरानी योजनाओं की वास्तविक क्षमता का पुनर्मूल्यांकन, आंकड़ों की नियमित सूचना और वार्षिक निष्पादन पुनरीक्षा । इसमें प्राप्त सफलता की मात्रा बताना संभव नहीं है। तथापि, सृजित सिंचाई क्षमता के उपयोग में सुधार करने के लिये उपर्युक्त उपाय किये गये हैं।

गंगा-पद्मा नदी कटाव संबंधी ज्ञापन

4266. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :**
श्री मोहम्मद सलीम :
श्री नीलोत्पल बसु :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मुर्शिदाबाद तथा मालदा जिले में गंगा-पद्मा नदी के कटाव के बारे में सरकार को कोई ज्ञापन दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है ; और